

## अनुष्का शर्मा का प्यारा सा कॉमेंट

अनुष्का शर्मा ने फोटो पर कॉमेंट किया, हेली बिल्ली। कोहली ने इस पर जवाब दिया, दिल्ली का लौंडा और मुंबई की बिल्ली। कोहली ने हाल ही में टी20 प्रारूप की भारतीय कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने पहले ही ऐलान किया था कि वह टी20 वर्ल्ड कप के बाद कप्तानी छोड़ देंगे। कोहली के लिए हालांकि कप्तानी की विदाई बहुत अच्छी नहीं रही। भारतीय टीम सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई और पहले ही चरण में बाहर हो गई।

## विराट कोहली ने बिल्ली के साथ शेयर की तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने एक प्यारी सी बिल्ली के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। यह तस्वीर न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले प्रैक्टिस सेशन की है। भारत ने न्यूजीलैंड को टी20 सीरीज में 3–0 से हराया भारतीय टीम अब टेस्ट सीरीज की तैयारी कर रही है। दोनों टीमों में टेस्ट सीरीज की शुरुआत 25 नवंबर से होगी। सीरीज का पहला टेस्ट मैच कानपुर में खेला जाएगा। कोहली, टी20 सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं थे। वह कानपुर टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे। वह मुंबई में होने वाले दूसरे टेस्ट में वापसी करेंगे। सीरीज का दूसरा मैच 3 दिसंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। मंगलवार को कोहली ने टीम के प्रैक्टिस सेशन के दौरान अपनी तस्वीर साझा की जिसमें बिल्ली उनकी गोद में बैठी हुई थी। 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर पोस्ट की और इसके साथ कैप्शन दिया, प्रैक्टिस से एक कूल बिल्ली की ओर से हेलो।

# केएल राहुल चोटिल, न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से हुए बाहर

क्रिकेट

## इस सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली नहीं खेल रहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले से ठीक पहले एक झटका लगा है। कानपुर टेस्ट से पहले टीम के ओपनर केएल राहुल चोटिल हो गए हैं। खबरों के मुताबिक उन्होंने मंगलवार को प्रैक्टिस में हिस्सा नहीं लिया। बीसीसीआइ ने उनके सीरीज से बाहर होने की पुष्ठी करते हुए सूर्यकुमार यादव को टीम में शामिल किया है।

भारत और न्यूजीलैंड की टीम के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 25 नवंबर से 29 नवंबर के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क में खेला जाना है। भारतीय टीम में इस सीरीज के लिए सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। कप्तान विराट कोहली और रोहित शर्मा इस मैच में टीम का हिस्सा नहीं हैं। अजिंक्य रहाणे की कमान संभालेंगे जबकि चेतेश्वर पुजारा को उप कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआइ ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया, भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल की बाईं जांघ की मांसपेशी में खिंचाव है और इसकी वजह से वह न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जाने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। अब अगले महीने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जाने वाली सीरीज से पहले वह एनसीए में रिहैब से होकर गुजरेंगे और फिट होने के लिए तैयारी करेंगे। चयनकर्ताओं ने केएल की जगह सूर्यकुमार यादव को सीरीज में उनकी जगह पर टीम में शामिल करने का फैसला लिया है। पुजारा सीरीज के पहले मैच में उपकप्तान हैं और उन्होंने भी बल्लेबाजी की। ऐसा माना जा रहा है कि श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव को टेस्ट करियर के आगाज का मौका मिल सकता है। हालांकि यह तो पक्का है कि इन्हें मिडल ऑर्डर में मौका मिल सकता है।




**भारतीय टेस्ट टीम इस प्रकार है:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा (उपकप्तान), शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, अक्षर पटेल, जयंत यादव, इशांत शर्मा, उमेश यादव, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

# निडर होने से मुझे खेल का लुत्फ उठाने में मदद मिली: पुजारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। टेस्ट मैचों में भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ माने जाने वाले चेतश्वर पुजारा को इस बात की खुशी है कि बेखौफ होकर बल्लेबाजी करने से उनकी लय लौट आई है और वह अब खुद पर गैरजरूरी दबाव नहीं डालेंगे। पुजारा ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से टेस्ट शतक नहीं बनना उनके लिए तब तक चिंता की बात नहीं है जब तक उनके बल्ले से निकले 80 और 90 रन टीम को जीत दिलाने में मदद करें।

टीम के अभ्यास सत्र के दौरान पुजारा से जब पूछा गया कि क्या इंग्लैंड के खिलाफ पिछली श्रृंखला में आक्रामक बल्लेबाजी के उन्हें फायदा हुआ तो उन्होंने कहा, हाँ, मुझे ऐसा लगता है।



जब प्रदर्शन की बात आती है तो मानसिकता थोड़ी अलग थी लेकिन जब तकनीक की बात आती है तो मुझे नहीं लगता कि तकनीक में कोई बड़ा बदलाव आया है। मैं थोड़ा निडर था, जिससे मदद मिली।'

उन्होंने माना कि वह खुद पर बहुत ज्यादा दबाव बना लेते थे लेकिन लीड्स और ओवल में 91 और 61 रन की पारी खेलने के बाद चीजें बदल गईं।

उन्होंने कहा, 'आपको अपने ऊपर बहुत अधिक दबाव डालने की आवश्यकता नहीं है और जो कुछ हो रहा है उसके बारे में बहुत अधिक चिंता करने के बजाय बस कोशिश करें और मैदान में जाकर अपने खेल का आनंद लें।'

उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड सीरीज के दौरान यही मानसिकता थी। अब तक तैयारी अच्छी रही है और भारतीय परिस्थितियों में खेलने के अनुभव से अगले कुछ टेस्ट मैचों में मदद मिलेगी।' पुजारा ने जनवरी 2019 के बाद से टेस्ट शतक नहीं लगाया है लेकिन उनके लिए यह कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा, 'जहां तक मेरे शतक की बात है तो जब होगा तब होगा। मेरा काम टीम के लिए अच्छी बल्लेबाजी करना है और ऐसा नहीं है कि मैं रन नहीं बना रहा हूं।

## रिषभ पंत और इशान किशन के पास अनुभव ही नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में दमदार खेल दिखाते हुए 3–0 से जीत हासिल की। कीवी टीम का क्लीन स्वीप करने के साथ भारतीय टीम ने अपने बेंच स्ट्रेंथ को भी आजमाया। अच्छी बात यह रही कि जिसे भी मौका मिला उसने अच्छा प्रदर्शन किया। रिषभ पंत और इशान किशन को लेकर पूर्व पाकिस्तानी कप्तान सलमान बटट ने बयान दिया। उन्होंने कहा सूर्यकुमार के पास घरेलू मुकाबले खेलने का लंबा अनुभव है इस वजह से उनकी तुलना नहीं हो सकती। सलमान ने कहा, सूर्यकुमार यादव ने अब तक काफी सारे घरेलू मुकाबले खेले हैं। वह तीस साल से उपर के खिलाड़ी हैं। इस उम्र में बल्लेबाज आम तौर पर बहुत ज्यादा परिपक्व हो जाते हैं। आप उनकी तुलना इशान किशन या रिषभ पंत के अनुभव के साथ नहीं कर सकते हैं। क्योंकि ये दोनों उनके मुकाबले बेहद युवा लड़के हैं और कम अनुभवी खिलाड़ी भी। इसी वजह से सूर्यकुमार यादव बाकी खिलाड़ियों के ज्यादा निरंतरता दिखाएंगे और वक्त के साथ ज्यादा से ज्यादा उपलब्धियां हासिल करेंगे।

## न्यूज डायरी




### भारत को फिरकी के जाल में फंसाना चाहता है न्यूजीलैंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानपुर। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में अगर परिस्थितियों की मांग हुई तो वह तीन विशेषज्ञ स्पिनरों को अंतिम एकादश में शामिल कर सकते है। स्टीड का मानना है कि भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में उस तरह की पिच नहीं होगी जैसा कि इंग्लैंड को विराट कोहली की टीम के खिलाफ अहमदाबाद में मिली थी। स्टीड ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'आपको इसका कारण पता करना होगा कि टीमें यहां अक्सर आती हैं लेकिन जीत नहीं पातीं। इससे पता चलता है कि यहां चुनौती कितनी बड़ी है।'स्टीड ने संकेत दिया कि मुंबई में जन्में बाएं हाथ के स्पिनर ऐजाज पटेल का सीरीज के टेस्ट मैच में खेलना लगभग तय है। उन्होंने कहा, 'चार तेज गेंदबाजों और एक कामचलाऊ स्पिनर के साथ खेलने का हमारा पारंपरिक तरीका यहां सफल नहीं हो सकता है। आप इस मैच में तीन स्पिनरों को खेलते हुए भी देख सकते हैं। इसके मामले पर फैसला पिच का मुआयना करने के बाद होगा।'

### मैं जिंदगी चलाने के लिए केले बेचता हूं: आखिर शोएब अख्तर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मैदान पर शोएब अख्तर अपनी तूफानी गेंदबाजी और स्टाइल के लिए मशहूर थे और क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद वह अपनी हाजिर जवाबी से नाम कमा रहे हैं। अख्तर अकसर ऐसे बयान देते रहते हैं जो फैंस का मनोरंजन करते रहते हैं। हरभजन सिंह के साथ उनकी ऑफ फील्ड जोड़ी खूब रंग लाती है। दोनों अकसर एक–दूसरे से साथ टीवी चौनल्स और सोशल मीडिया पर चर्चा करते रहते हैं। एक ऐसी ही बातचीत में अख्तर ने कहा, मैंने जिंदगी चलाने के लिए केले बेचता हूं। अख्तर यह जवाब सुनकर आप हैरान हो सकते हैं। आखिर इतना पैसा कमाने वाला क्रिकेटर यह कैसी बातें कर रहा है। लेकिन दरअसल, इस शो का कॉन्सेप्ट ही ऐसा था। हरभजन सिंह शोएब अख्तर से सवाल पूछ रहे थे और जवाब में अख्तर को सिर्फ गलत ही जवाब देने थे। यानी हर सवाल का गलत जवाब।

### मुझे और इस खिलाड़ी को रिटेन नहीं करेगी दिल्ली कैपिटल्स: अश्विन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के 2022 के सीजन में दस टीम आपको देखने को मिलेंगी। इस वजह से आइपीएल 2022 से पहले मेगा आक्शन का आयोजन होगा और ऐसे में मौजूदा समय में 8 टीमें ज्यादा से ज्यादा चार खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। इनमें ज्यादा से ज्यादा तीन भारतीय और ज्यादा से ज्यादा दो विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। वहीं, पिछले दो सीजन से दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे आर अश्विन ने एक बड़ा दावा किया है। स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि दिल्ली कैपिटल्स शायद ही उनको आइपीएल 2022 के लिए रिटेन करेगी। इसके अलावा उन्होंने ये भी बताया है कि उनके अलावा श्रेयस अय्यर को भी दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी शायद ही रिटेन करेगी, जो दो सीजन टीम की कप्तानी कर चुके हैं।

### निजी जीवन में टूट गए थे शमी, छोड़ने वाले थे क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां से रिश्ते खराब होने के बाद काफी परेशान थे। पारिवारिक जीवन का असर उनके खेल पर भी नजर आने लगा था। एक वक्त ऐसा आ गया था जब उन्होंने क्रिकेट छोड़ने तक का फैसला कर लिया था। लेकिन इसके बाद उन्होंने जबर्दस्त वापसी की। अपनी परेशानियों पर जीत हासिल की। टीम इंडिया के पूर्व बोलिंग भरत अरुण ने बताया कि शमी बहुत परेशान थे। मुख्य कोच रवि शास्त्री के साथ बैठकर भरत अरुण ने उनसे बात की और शमी को समझाया। भरत अरुण ने बताया, श्शमी बुरी तरह टूट गए थे। वह खेल छोड़ने वाले थे। जब रवि और मैं उसके साथ बैठे। अरुण ने आगे बताया कि शमी काफी गुस्सा थे। वह तमाम दिक्कतों से जूझ रहे थे।